**Term- I Examination – 2022-2023**

**HINDI**

**GRADE: IX** **MARKS: 80**
**DATE: 15.10.2022** **TIME: 3 Hrs**

**खंड – ' अ ' (वस्तुपरक प्रश्न)**

**अपठित बोध**

**प्रश्न I. दिए गए अनुच्छेद ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। (1X5=5)**

जिस विद्यार्थी ने समय की कीमत समझ ली, वह सफलता को अवश्य प्राप्त करता है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी दिनचर्या की समय-सारिणी अथवा तालिका बनाकर उसका पूरी दृढ़ता से पालन करना चाहिए। जिस विद्यार्थी ने समय का सही उपयोग करना सीख लिया, उसके लिए कोई भी कार्य असंभव नहीं है। कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो किसी कार्य के पूरा न होने पर समय की दुहाई दिया करते हैं। वास्तव में सच्चाई इसके विपरीत होती है। अपनी अकर्मण्यता और आलस्य को वे समय की कमी के बहाने छिपाते हैं। कुछ लोगों को अकर्मण्य रहकर निठल्ले समय बिताना अच्छा लगता है। ऐसे लोग केवल बातूनी होते हैं। दुनिया के सफलतम व्यक्तियों ने सदैव कार्य-व्यस्तता में जीवन बिताया है। उनकी सफलता का रहस्य समय का सदुपयोग रहा है। दुनिया में अथवा प्रकृति में हर वस्तु का समय निश्चित है।। बीत जाने पर कार्य फलप्रद नहीं होता। सूरज यदि समय पर उदय होना व अस्त होना बंद कर दे, वर्षा यदि समय पर न हो, किसान समय पर अनाज न बोए, तो कैसी स्थिति हो जाएगी? ठीक इसी प्रकार यदि विद्यार्थी समय की कीमत नहीं समझेगा तो वह सफलता नहीं प्राप्त कर सकता। परीक्षा के समय यदि विद्यार्थी परिश्रम नहीं करेगा और उस दिन आराम करेगा तो उसे वांछित सफलता नहीं मिल सकती।

प्रश्नः 1 .सफलता पाने के लिए विद्यार्थी को क्या आवश्यक है ?

प्रश्नः 2 .कुछ विद्यार्थी काम न पूरा होने पर क्या बहाना बनाते हैं ? इसकी वास्तविकता क्या होती है?

प्रश्नः 3 .बातूनी और सफल व्यक्तियों में क्या अंतर होता है?

प्रश्नः 4.प्रकृति द्वारा समय के सदुपयोग के दो उदाहरण दीजिए।

प्रश्नः 5.विद्यार्थी द्वारा समय की कीमत न समझने से क्या हानियाँ हैं ?

**2. दिए गए अनुच्छेद ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। (1X5=5)**

सदाचारी व्यक्ति अपने काम से बड़े बनते हैं। दुराचारी व्यक्ति दूसरों के काम में बाधाएँ उत्पन्न करके बड़प्पन बटोरना चाहते हैं। लेकिन एक न एक दिन उनकी कलई खुल जाती है। उनके अनुचित कार्य उनको कहीं का नहीं छोड़ते। इतना होने पर भी वे बेशर्म होकर अच्छे लोगों की बुराई करने में अपना समय बर्बाद करते रहते हैं। किसी की प्रशंसा सुनना उनके कानों को अच्छा नहीं लगता। इतने ही परिश्रम से यदि वे अच्छे कार्य करें, तो वे भी अच्छे आदमी बन सकते हैं, सम्मान पा सकते हैं। परन्तु वे अपनी आदत से मजबूर हैं, उनके मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है। सदाचारी व्यक्ति अच्छे काम करके चैन की नींद सोता है और सुखी रहता है। दुराचारी व्यक्ति बुरे काम करके अपना सुख-चैन नष्ट करता है, अपने मन को बीमार करता है। मन की बीमारी कुछ दिनों में शरीर की भी बीमारी बन जाती है।

1. दुराचारी व्यक्ति किस प्रकार बड़प्पन बटोरना चाहते हैं?

(क) अच्छे काम करके (ख) दूसरों की प्रशंसा करके

(ग) दूसरों के काम में बाधाएँ उत्पन्न करके (घ) दसरों के काम में सहयोग करके

2. दुराचारी व्यक्तियों के कानों को अच्छा नहीं लगता। (वाक्य पूरा कीजिए।)

(क) बुरा काम करना (ख) किसी की प्रशंसा सुनना

(ग) संगीत सुनना (घ) किसी के घर जाना

3. दुराचारी व्यक्ति अच्छे काम नहीं कर सकते, क्योंकि, ......।

(क) मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है (ख) उन्हें लोग कुछ करने नहीं देते हैं।

(ग) वे किसी का साथ नहीं देते हैं। (घ) वे सबको सम्मान देते हैं।

4. मन की बीमारी कुछ दिनों में किसकी बीमारी बन जाती है?

(क) समाज की (ख ) परिवार की (

(ग) राज्य की (घ) शरीर की

5. "कलई खुलना' मुहावरे का अर्थ है

(क) कलई उतरना
(ख) असलियत का पता चलना
(ग) भेद प्रकट न करना
(घ) चमकना

**s व्याकरण**

**प्रश्न 3. निर्देशानुसार ' शब्द और पद ' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(1x4=4)**

1. प्रत्येक स्वतंत्र और सार्थक वर्ण - समूह कहलाता है -

(क) शब्द
(ख ) वाक्य
(ग) पद
(घ) इकाई

2. शब्द वाक्य में प्रयुक्त होने पर बन जाता है -

(क) समास
(ख) संधि
(ग) तत्सम
(घ) पद

3. शब्द केलिए सही उदाहरण चुनकर लिखिए।

(क) राजू खाता है।
(ख) रानी की माँडॉक्टर है।
( ग) कलम
(घ) पिता जी डाँटते है।

4. ' शब्द व्याकरणिक नियमों से --------- होते हैं। उचित विकल्प चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

(क) बाँधे
(ख) दूर
(ग) स्वतंत्र
(घ) पास

5. ' राहुल दूध पीता है। ' वाक्य में रेखांकित को क्या कहेंगे ?

(क) शब्द
(ख) वर्ण
(ग) पद
(घ) समास

**प्रश्न 4. निर्देशानुसार ' अनुस्वार और अनुनासिक ' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1x4=4)**

1. निम्नलिखित शब्दों में से उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग कीजिए –

(क) उगँली
(ख) उँगली
(ग) मँगल
(घ) जँगल

2. नांद ' में उचित स्थान पर अनुनासिक लगाकर मानक रूप लिखिए –

(क) नांद (ख) नाँद

(ग) नादं (घ) नँद

3. फूंकना' में उचित स्थान पर अनुनासिक लगाकर मानक रूप लिखिए –

(क) फूंकना (ख) फूँकना

(ग) फूकँना (घ) फूकनाँ

4. निम्नलिखित शब्दों में से उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग कीजिए –

(क) जंगल (ख) जगंल

(ग) जगल (घ) जँगल

5. 'सम्बन्ध' में उचित स्थान पर अनुस्वार लगाकर मानक रूप लिखिए –

(क) सबध (ख) संबध

(ग) संबंध (घ) सबंध

**प्रश्न 5. निर्देशानुसार ' संधि ' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1x4=4)**

1. दो वर्णों के मेल से होनेवाले विकार को कहते हैं -

(क) संधि (ख) समास

(ग) उपसर्ग (घ) प्रत्यय

2.' धरेश ' का सही संधि विच्छेद है –

(क) धराः + अश (ख) धर + ईश

(ग) धरा + ईश (घ) धरा + इश

3. ; लघूत्तर ' शब्द के सही संधि विच्छेद को चुनकर लिखिए।

(क) लघु + उत्तर (ख) लघू+ ऊत्तर

(ग) लघु + ऊत्तर (घ) लघू + उत्तर

4. परमेश्वर शब्द के सही संधि विच्छेद को चुनकर लिखिए।

(क) परम + ईश्वर (ख) परम + ईशवर

(ग) परम + इश्वर (घ) परम + एश्वर

5. ' स्वर संधि ' कितने प्रकार की होती है ?

(क) 1 (ख) 2

(ग) 3 (घ) 5

**प्रश्न 6. निर्देशानुसार ' अर्थ के आधार पर वाक्य ' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(1x4=4)**

1. ' वह बहुत ज़ोर से हँस रहा है। ' इस वाक्य को ' विस्मय वाचक ' वाक्य में बदल कर लिखिए

(क) अरे ! वह बहुत ज़ोर से हँस रहा है। (ख) वह बहुत ज़ोर से क्यों हँस रहा है।

(ग) वह बहुत ज़ोर से नहीं हँस रहा है। (घ) अरे वह बहुत ज़ोर से हँस ! रहा है।

2. ' अभय डॉक्टर है। ' इस वाक्य को निषेध वाचक वाक्य में कैसे लिखा जाएगा –

(क) क्या अभय डॉक्टर है। (ख) अरे ! अभय डॉक्टर है।

(ग) अभय डॉक्टर नहीं है। (घ) अभय डॉक्टर क्यों है।

3. ' मेरा पत्र पिता जी को मिला। ' इस वाक्य को प्रश्न वाचक वाक्य में बदलिए –

(क) क्या मेरा पत्र पिता जी को मिला ? (ख) अरे ! मेरा पत्र पिता जी को मिला।

(ग) शायद मेरा पत्र पिता जी को मिला। (घ) मेरा पत्र पिता जी को नहीं मिला।

4. ' रमा पत्र लिख रही है। ' इस वाक्य में अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन सा वाक्य भेद है ?

(क) विधान वाचक वाक्य (ख) संदेह वाचक वाक्य

(ग) प्रश्न वाचक वाक्य (घ) आज्ञा वाचक वाक्य

5. ' अभी तुम बाहर जाओ। ' यह वाक्य किस प्रकार का वाक्य है –

(क) आज्ञा वाचक वाक्य (ख) संकेत वाचक वाक्य

(ग) इच्छा वाचक वाक्य (घ) विस्मयादिबोधक वाक्य

**गद्य खंड से**

**प्रश्न-7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उन पर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर-विकल्पों में से चुनकर लिखिए।**

**(1x9=9)**

**लेखक अपने घर में आए अतिथि को अपने मन में संबोधित करते हुए कहता है कि आज अतिथि को लेखक के घर में आए हुए चार दिन हो गए हैं और लेखक के मन में यह प्रश्न बार-बार आ रहा है कि 'तुम कब जाओगे, अतिथि? लेखक अपने मन में अतिथि को कहता है कि वह जहाँ बैठे बिना संकोच के सिगरेट का धुआँ उड़ा रहा है, उसके ठीक सामने एक कैलेंडर है। लेखक कहता है कि पिछले दो दिनों से वह अतिथि को कलैंडर दिखाकर तारीखें बदल रहा है। ऐसा लेखक ने इसलिए कहा है क्योंकि लेखक अतिथि की सेवा करके**

थक गया है। पर चौथे दिन भी अतिथि के जाने की कोई संभावना नहीं लग रही थी। लेखक अपने मन में अतिथि को कहता है कि अब तुम लौट जाओ, अतिथि! तुम्हारे जाने के लिए यह उच्च समय अर्थात हाईटाइम है। अर्थात यह बिल्कुल सही वक्त है। क्या उसे उसकी मातृभूमि नहीं पुकारती? अर्थात क्या उसे उसके घर की याद नहीं आती। लेखक अपने मन में ही अतिथि से कहता है कि उस दिन जब वह आया था तो लेखक का हृदय ना जाने किसी अनजान डर के (किसी अन्जान डर से )धड़क उठा था। अंदर-ही-अंदर कहीं लेखक का बटुआ काँप गया।

(क)लेखक किससे परेशान है?
(A) अपनी पत्नी से
(B) अतिथि से
(C) महँगाई से
(D) गर्मी से

(ख)  लेखक के घर में अतिथि को कितने दिन हो गए थे?
(A) दो
(B) चार
(C) पाँच
(D) तीन

(ग)  लेखक अतिथि से क्या चाहता है?
(A) वह लेखक के ही घर में रहे
(B) एक-दो दिन और रुके
(C) वह जल्दी चला जाए
(D) इनमें से कोई नहीं

(घ) लेखक कितने दिनों से अतिथि को कलैंडर दिखाकर तारीखें बदल रहा है?
(A) दो
(B) चार
(C) तीन
(D) एक

(ङ) लेखक को अतिथि से क्या उम्मीद थी?

(A) वह कुछ काम करेगा

(B) वह लेखक की मदद करेगा

(C) वह अगले ही दिन चला जाएगा

(D) इनमें से कोई नहीं

(च) लॉण्ड्री में कपड़े देने की बात सुनकर लेखक की पत्नी को क्या लगा?

(A) अब अतिथि चला जाएगा

(B) खर्च बढ़ेगा

(C) समय लगेगा

(D) अतिथि और कुछ दिन ठहरेगा

(छ) लेखक की पत्नी अतिथि के सत्कार से दुखी होकर क्या बनाने को कहती है?

(A) खिचड़ी

(B) पुलाव

(C) आलू

(D) खीर

(ज) लेखक की सहनशक्ति किस दिन ज़वाब देने वाली थी?

(A) दूसरे

(B) पाँचवे

(C) तीसरे

(D) चौथे

(झ) लेखक के अनुसार अतिथि के समय पर लौट जाने पर अतिथि का क्या सुरक्षित रहता है?

(A) सामान

(B) इज़्जत

(C) देवत्व

(D) मान

**प्रश्न-8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने केलिए उचित विकल्प का चयन कीजिए। (1x2=2)**

1. बुढ़िया के दुःख को देखकर लेखक को किसकी याद आ गई?

(क) घर की (ख) गाँव की

(ग) बच्चे की (घ) संभ्रांत महिला की

2. लेखक ने पोशाक की तुलना किससे की है?

(क) पुरानी किताब से (ख) कटी हुई पतंग से

(ग) उच्च वर्ग से (घ) सामाजिक व्यवस्था से

**काव्य खंड से**

**प्रश्न -9. नीचे दिए गए कवितांश ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। (1x5=5)**

अब कैसे छूटै राम नाम रट लागी।
प्रभु जी, तुम चंदन हम पानी, जाकी अँग-अँग बास समानी।
प्रभु जी, तुम घन बन हम मोरा, जैसे चितवत चंद चकोरा।
प्रभु जी, तुम दीपक हम बाती, जाकी जोति बरै दिन राती।
प्रभु जी, तुम मोती हम धागा, जैसे सोनहिं मिलत सुहागा।
प्रभु जी, तुम स्वामी हम दासा, ऐसी भक्ति करै रैदासा॥

1. रैदास चंदन किसको मानते हैं?

(क) स्वयं को (ख) परमात्मा को (ग) चंदन के वृक्ष को (घ) कीमती वस्तुओं को

2. कवि ईश्वर की ओर आशा भाव से किस प्रकार देखते हैं?

(क) जैसे मोर बादलों की ओर देखता है (ख) जैसे चकोर चाँद की ओर देखता है

(ग) जैसे पपीहा बादलों की ओर देखता है (घ) जैसे किसान बादलों की ओर देखता है।

3. रैदास अपने को क्या मानते हैं?

(क) ईश्वर का सखा (ख) ईश्वर का पुत्र (ग) ईश्वर सहचर

(घ) ईश्वर का दास।

4. 'दीपक-बाती' किससे तुलना कर रहें है?

(क) . भगवान से (ख). भक्त से . (ग) भगवान और भक्त से (घ) कोई भी नहीं

5. चंदन के संपर्क में रहने से पानी में उसकी ............. फैल जाती है।

(क). चमक (ख) . चेतना (ग). महक (घ) दुर्गंध

**प्रश्न-10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने केलिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।**

**(1x2=2)**

1. रहीम दूसरों से क्या छुपा कर रखने को कहते है?

(क) दुःख (ख) धागा (ग) मजाक (घ) इनमें से कोई नहीं

2.बड़ी चीज को देखकर किसी छोटी चीज की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए, इसका क्या अर्थ है?

(क) बड़ी चीज़ काम की होती है (ख) छोटी चीज़ काम की होती है

(ग) हर चीज़ का अपना महत्त्व है (घ) इनमें से कोई नहीं

**खंड - ' ब ' ( वर्णनात्मक प्रश्न )**

**प्रश्न-11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए।**

**( 3x2=6)**

1. रैदास को किसके नाम की रट लगी है? वह उस आदत को क्यों नहीं छोड़ पा रहे हैं?
2. कवि ने गरीब निवाजु किसे कहा है और क्यों ?
3. रहीम ने सागर की अपेक्षा पंक जल को धन्य क्यों कहा है?

**प्रश्न-12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए।**

**( 3x2=6)**

1. अतिथि को आया देख लेखक की क्या दशा हुई और क्यों?
2. "मोती, मानुष, चून' के संदर्भ में पानी के महत्व को स्पष्ट कीजिए।
3. लेखिका को ध्वज कैसा लगा ?

**प्रश्न-13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए।**

**( 3x2=6)**

1.महादेवी वर्मा ने गिलहरी के घायल बच्चे का उपचार किस प्रकार किया गया?

2. पाठ के आधार पर कौए को एक साथ समादरित और अनादरित प्राणी क्यों कहा गया है?

3. सोनजुही में लगी पीली कली को देख लेखिका के मन में कौन से विचार उमड़ने लगे?

## रचनात्मक लेखन

**प्रश्न-14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए।**

**(5x1=5)**

**(1).** जीवन में खेल-कूद का महत्त्व

संकेत बिन्दु : * स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क * खेल से समस्त गुणों का विकास * स्वास्थ्य मनोरंजन का अनुपम साधन

**अथवा**

**(2).** समय अमूल्य धन है।

संकेत बिन्दु : * समय ही जीवन है * समय निरंतर गतिशील है * समय का सदुपयोग

**प्रश्न-15. (1)**. पढ़ाई के लिए लैपटॉप और इंटरनेट की उपयोगिता बताते हुए इसे खरीदने का अनुरोध करते हुए अपने पिता जी को पत्र लिखिए।

**(5x1=5)**

**अथवा**

**(2).** आपके विद्यालय में नए शिक्षक आए हैं। उनकी विशेषताएँ बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

**प्रश्न-16. (1)**.अध्यापिका और गृहकार्य न करके आने वाले छात्र के बीच हुई बातचीत का संवाद लेखन कीजिए। **(4x1=4)**

**अथवा**

**(2).** पुत्र अपने जन्मदिन पर उपहारस्वरूप मोबाइल फ़ोन चाहता है। इस संबंध में पिता-पुत्र के मध्य संवाद लिखिए।

**प्रश्न-17. (1)**. नीचे दिए गए चित्र में दिखाई दे रहे दृश्य का कल्पनाशक्ति के आधार पर लगभग 100 शब्दों में वर्णन कीजिए।

**( 4x1=4)**

2.

